# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 22 मई, 2019



## काले धन से संबंधित कानून भूतलक्षी प्रभाव से लागू होंगे

सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Court-SC) ने हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) कर अधिरोपण अधिनियम **[Black Money (Undisclosed Foreign Income and Assets) and Imposition of Tax Act]** पर लगाई गई रोक को हटा दिया गया है। इसी के साथ अघोषित विदेशी आय एवं संपत्ति कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के भूतलक्षी प्रभाव/बैक डेट से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की स्थिति बहाल हो जाएगी।

**प्रमुख बिंदु**

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि 2016 का काला धन कानून के तहत जुलाई 2015 से भूतलक्षी प्रभाव (Retrospective Effect) के साथ अपराधियों को आरोपी बनाने और उनकी जाँच हेतु कार्यवाही करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।
- इस अधिनियम को वर्ष 2015 में अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम में यह स्पष्ट किया गया था कि यह अधिनियम 1अप्रैल, 2016 से लागू होगा।
- हालाँकि 1 जुलाई, 2015 को सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 86 (मतभेदों को दूर करने की शक्ति) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करने के लिये एक अधिसूचना जारी की, जिसमें अधिनियम को लागू करने की पूर्वनिर्धारित तिथि को बदलकर 1 जुलाई, 2015 कर दिया गया था।
- इस अधिनियम में भारतीय निवासियों को अपनी अघोषित विदेशी आय और संपत्ति को घोषित करने का एक अवसर देने का प्रावधान किया गया था।

**काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) एवं कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 का प्रभाव Black Money (Undisclosed Foreign Income and Assets) and Imposition of Tax Act**

- यह विदेशी आय को छिपाने के लिये दंड का प्रावधान करता है और विदेशी आय के संबंध में कर से बचने के प्रयास को आपराधिक दायित्व के दायरे में शामिल करता है।
- यदि किसी व्यक्ति के पास अघोषित विदेशी संपत्ति होने का प्रत्यक्ष प्रमाण प्राप्त होता है तो संबंधित व्यक्ति को 30% की दर से कर का भुगतान और इसी के बराबर दंड राशि का भुगतान करना पड़ता था।
- इसके इतर संपत्ति को घोषित न करने के मामले में 30% की दर से कर अधिरोपण के साथ-साथ छिपाये गए कर की राशि की तीन गुना राशि का भुगतान या अघोषित आय के 90% भाग या परिसंपत्ति के मूल्य का भुगतान का प्रावधान किया गया है।

- अधिनियम में जानबुझकर की गई कर चोरी के लिये 3-10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है।
- इस अधिनियम में विदेशों में अर्जित परिसंपत्तियों की घोषणा करने के लिये एकमुश्त अनुपालन विंडो उपलब्ध कराने और इस प्रकार घोषित परिसंपत्तयों के मूल्य पर निर्धारित कर और जुर्माने का भुगतान करने का प्रावधान है।

---

## वेस्ट नील वायरस

हाल ही में केरल के मलप्पुरम और कोझिकोड ज़िलों में वेस्ट नील वायरस के कारण संक्रमण फैलने के कई  मामले सामने आए हैं। इसके कारण राज्य के स्वास्थ्य विभाग को इस क्षेत्र में वेस्ट नील फीवर और संक्रमण के स्रोत के विषय में जानकारी प्राप्त करना कठिन हो गया है।

- आमतौर पर वेस्ट नील वायरस (West Nile Virus-WNV) अफ्रीका, यूरोप, मध्य पूर्व, उत्तरी अमेरिका और पश्चिम एशिया में पाया जाता है, यह विषाणु/वायरस जनित संक्रमण के लिये उत्तरदायी है।
- यह आमतौर पर मच्छरों द्वारा फैलता है और लोगों में तंत्रिका/स्नायु (Neurological) संबंधी बीमारी के साथ-साथ मृत्यु का कारण भी बन सकता है।
- वर्ष 1937 में पहली बार एक माहिला में इस बीमारी की पहचान की गई थी जो पश्चिमी नील नदी के युगांडा ज़िले की निवासी थी, एक बार फिर से इस बीमारी को नील नदी क्षेत्र के पक्षियों में ही देखा गया है।
- इस विषाणु (Virus) को मनुष्यों और जानवरों में इंजेक्ट किया जा सकता है (अथवा प्रवेश कराया जा सकता है) तथा अन्य संक्रमित जानवरों, उनके रक्त या ऊतकों के संपर्क में आने से भी यह संचरित हो सकता है।
- कुछ दुर्लभ मामलों में इस संक्रमण के अंग प्रत्यारोपण, रक्त संचारण (Blood Transfusion) और स्तनपान के माध्यम से फैलने के मामले भी सामने आए हैं।
- अभी तक मानव से मानव के संक्रमित होने की घटना देखने को नहीं मिली है।
- WHO के अनुसार, संबंधित बीमारी के लक्षण या तो पकड़ में ही नहीं आ रहे है या 80% संक्रमित लोगों में यह संक्रमण गंभीर वेस्ट नील के बुखार के रूप में व्याप्त  हैं।

---

## जोको विदोदो- इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति

**indonesia**

- जोको विदोदो (Joko widodo) इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के तौर पर पुनर्निर्वाचित हुए हैं। इन्होनें अपने पूर्ववर्ती जनरल प्राबोवो सुबीआंतो (Prabowo Subianto) को हराकर दोबारा सत्ता ग्रहण की है।
- जोको विदोदो वर्ष 2014 से इंडोनेशिया के राष्ट्रपति है, चुनाव प्रचारों के दौरान उन्होंने स्वयं को जनता के नेता (Man of the people) के तौर पर प्रचारित किया।

**इंडोनेशिया (Indonesia)**

- यह एक द्वीपसमूह है जो भूमध्य रेखा के पार स्थित है।
- इंडोनेशिया दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा देश है। यह बोर्नियो के उत्तरी भाग में मलेशिया के साथ और पापुआ न्यू गिनी में न्यू गिनी (इंडोनेशिया का हिस्सा) के केंद्र में सीमा साझा करता है।
- इसकी राजधानी जकार्ता (Jakarta), जावा के उत्तर-पश्चिमी तट के समीप स्थित है।
- यह 80% मुस्लिम आबादी वाला एक मुस्लिम बहुल देश है।